

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



तमन्ना भाटिया ने हैंडक्राफ्टेडं...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 16 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 267 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## केजरीवाल पर भाजपा ने फिर साधा निशाना, कहा– गोवा और पंजाब चुनाव में हुआ शराब घोटाले के पैसे का उपयोग

नई दिल्ली। दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर भाजपा पूरी तरह से केजरीवाल सरकार पर हमलावार है। आज भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक बार फिर से शराब घोटाले को लेकर एक बार फिर से अरविंद केजरीवाल ओर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी का जो घोटाले का स्टिंग सामने आया है। उसमें घोटाले के आरोपी नंबर–9 अमित अरोड़ा ने पूरी पोल खोल दी है।



किस–किस से कितना पैसा लिया गया। किस प्रकार से घोटाले हुए, सारी चीजें उजागर हो गई हैं। पूरी की पूरी पॉलिसी घोटाले के लिए ही तैयार की गई। उन्होंने कहा कि अमित अरोड़ा बता रहा है कि कमीशन सरकार ने तय किया। यही नहीं, शराब घोटाले के पैसे को गोवा और पंजाब के चुनावों में उपयोग किया गया। भाजपा नेता ने दावा किया कि 5–5 करोड़ रुपए तक की फीस मिनिमम निर्धारित की गई। 5 करोड़ इसलिए रखा गया कि छोटा–मोटा प्लेयर आने न पाये। जबकि यह पॉलिसी इस आधार पर बनाई जाती है कि छोटे–छोटे व्यापारियों को भी काम करने का मौका मिले। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से स्टिंग में बातें कही गई हैं उससे स्पष्ट है कि केजरीवाल सरकार की एक ही नीति है, हर रस्म निभाएंगे, भ्रष्टाचार की रीति। भाजपा का साफ तौर पर कहना है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और और शराब मंत्री मनीष सिसोदिया के गुन्हाओं की बोतल खुल चुकी है। शराब माफियाओं के घनिष्ठ मित्र कट्टर भ्रष्टाचारी केजरीवाल और सिसोदिया का बचना मुश्किल है, और जेल में इनके घोटालों का इलाज होगा।

## अमित शाह के हिंदी पर दिए बयान से भड़के स्टालिन, कहा- इंडिया को हिंदिया में बदलने की कोशिशों को रोकना होगा

नई दिल्ली। हिंदी को समर्पित 14 सितंबर को पूरे देश में हिंदी दिवस मनाई गई। वहीं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मौके पर केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि हिंदी दिवस के बजाए भारतीय भाषा दिवस मनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही तमिलनाडु सीएम ने हिंदी भाषा पर गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों का जवाब दिया है। स्टालिन ने कहा कि भाजपा को इंडिया को हिंदिया में बदलने की



कोशिशों को रोकना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि 8वीं अनुसूची की सभी 22 भाषाओं को सरकार की आधिकारिक भाषा घोषित करें। हिंदी न तो राष्ट्रभाषा है और न ही एकमात्र राजभाषा। हमें हिंदी दिवस के बजाय भारतीय भाषा दिवस मनाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र केवल एनईपी के जरिए हिंदी और संस्कृत थोपता है। केंद्र को हिंदी बनाम अन्य भाषाओं के विकास के लिए खर्च किए गए संसाध ानों में भारी अंतर को पाटना चाहिए। तमिलनाडु लंबे समय से केंद्र पर हिंदी थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाता रहा है। स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पेश करने की केंद्र की कथित योजना के खिलाफ राज्य की लड़ाई के बाद भाषा का विभाजन व्यापक हो गया। बता दें कि हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते दिन कहा था कि हिंदी भाषा प्रतिस्पर्धी नहीं है, बल्कि देश की अन्य सभी भाषाओं की षमित्रष है। गृह मंत्री ने कहा कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि हिंदी और गुजराती, हिंदी और तमिल, हिंदी और मराठी प्रतिस्पर्धी हैं। हिन्दी देश की किसी अन्य भाषा की प्रतियोगी नहीं हो सकती। आपको यह समझना चाहिए कि हिंदी देश की सभी भाषाओं की मित्र है।

## हिजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा– कर्नाटक सरकार के पास स्कूल यूनिफॉर्म अनिवार्य करने का अधिकार

नई दिल्ली। कर्नाटक हिजाब मामले में आज भी सुनवाई जारी रही। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की बेंच शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई



करते हुए कई अहम टिप्पणी की है। हिजाब प्रतिबंध को चुनौती देने वाले एक याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि राज्य में हिजाब पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि कर्नाटक सरकार के पास शैक्षणिक संस्थानों में यूनिफॉर्म अनिवार्य करने की शक्ति थी। एससी ने कहा कि आप तर्क दे सकते हैं कि उनका परिपत्र किसी भी वैधानिक प्रावधान का उल्लंघन हो सकता है, लेकिन यह कहना कि उनके पास शक्ति नहीं है, सही नहीं है। न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, भले ही राज्य के फरवरी 2022 के सर्कुलर, जिसने सरकार के शैक्षणिक संस्थानों में यूनिफॉर्म अनिवार्य कर दिया हो। अगर सर्कुलर में गलत सेक्शन का भी जिक्र किया गया है, तो इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। इस अदालत के एक फैसले के बाद एक वैधानिक आदेश और एक कार्यकारी आदेश के बीच का अंतर समाप्त कर दिया गया है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि अगर हिजाब पर बैन जारी रहा तो स्कूली छात्राएं वापस मदरसे में जाने के लिए मजबूर होगी। कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पर बैन के बाद अभी तक 17 हजार छात्राएं स्कूल छोड़ चुकी है। वो परीक्षा में शामिल नहीं हुई। वकील हुजेफा अहमदी की इस दलील पर जस्टिस सुध ाांशु धुलिया ने पूछा – क्या आप ये कहना चाहते है कि लड़कियां हिजाब नहीं पहनना चाहती, उन्हें इसके लिए मजबूर किया जाता है?

## शराब घोटाला: बीजेपी के स्टिंग पर मनीष सिसोदिया की चुनौती– सीबीआई जांच कराकर मुझे करें गिरफ्तार

बीजेपी द्वारा कथित शराब घोटाले से जुड़ा एक कथित स्टिंग वीडियो साझा करने के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विपक्षी भाजपा पर निशाना साधा है। सिसोदिया ने भाजपा को खुली चुनौती देते हुए दावा किया कि अगर स्टिंग वीडियो सही



है तो वह गिरफ्तार होने को तैयार हैं। बीजेपी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्टिंग वीडियो दिखाया था। वीडियो में शराब व्यापार से जुड़ा एक व्यक्ति दावा कर रहा है कि दिल्ली में आप सरकार ने जानबूझकर छोटे खिलाड़ियों को अपनी ष्आबकारी नीति से बाहर रखा ताकि कुछ लोगों को बाजार पर एकाधिकार करने में मदद मिल सके। हालांकि अब ये नीति अब वापस ले ली गई है। भाजपा ने आगे दावा किया कि गोवा या पंजाब में चुनाव के लिए इस्तेमाल करने के लिए, आप को शराब के दिग्गजों द्वारा कुल 100 करोड़ रुपये नकद में दिए गए थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा को यह स्टिंग सीबीआई को सौंपना चाहिए क्योंकि जांच एजेंसी श्भाजपा की विस्तारित इकाई की तरह काम कर रही है।श मनीष सिसोदिया ने कहा, ष्अगर स्टिंग सही है तो मुझे गिरफ्तार कर लें। सिसोदिया ने कहा कि नहीं तो आप मान लेना यह भाजपा और पीएम मोदी के दफ्तर से रची गई साजिश है। आजकल पीएम ऑफिस में सरकारें गिराने की साजिश ही रची जा रही है। सीबीआई इसकी जांच करे और पूरे इंटेलिजेंस लगाकर जांच करे। पूरी जांच करके अरेस्ट करें नहीं तो मानो कि स्टिंग झूठा है और प्रधानमंत्री दफ्तर की साजिश है। माफी मांगें कि स्टिंग झूठा है, गलत साजिश की।श

## Plant Nutrition Research पर युवा कृषि वैज्ञानिक मोजेक कंपनी फाउडेशन अवार्ड से सम्मानित

नई दिल्ली। पौध पोषण पर विशेष अनुसंधान के लिए मोजेक कम्पनी फाउंडेशन द्वारा युवा वैज्ञानिकों को एक विशेष समारोह में




सम्मानित किया गया। आज यह अवार्ड समारोह एस एम सहगल फाउंडेशन (गुरुग्राम) ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इसके लिए देशभर के कृषि वैज्ञानिकों के नए व प्रमाणिक शोधकार्यों के आध ाार पर ज्यूरी द्वारा वैज्ञानिकों का चयन किया जाता है। इस वर्ष युवा वैज्ञानिक पुरस्कार डॉ. एम.सी. मीना और डॉ. मोहम्मद शाहिद को प्रदान किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरेट थीसिस पुरस्कार डॉ. देबरूप दास, डॉ नंद किशोर थोम्ब्रे और डॉ भाग्यश्री नाडकर्णी को प्रदान किया गया । पुरस्कार में नकद राशि, प्रशस्ति पत्र, स्वर्ण पदक और ब्लेजर दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ हिमांशु पाठक, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) और महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर मोजेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बेन प्रैट ने पुरस्कृत कृषि वैज्ञानिकों को बध ााई दी और कृषि विज्ञान में लगातार शोध करने की प्रेरणा दी तथा डॉ जे सी कत्याल, पूर्व कुलपति हरियाण कृषि विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, किसानों और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया ताकि वह कृषि की आधुनिक तकनीकों पर शोध कर बेहतर कृषि उत्पादन में योगदान दे। इस समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारतीय कृषि अनुसंध ाान संस्थान, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र, कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय उर्वरक संघ, अंतर्राष्ट्रीय जस्ता संघ, आईपीएनआई, सीआईएमएमवाईटी, से प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और राज्यध्केंद्र सरकार के अधिकारी भी शामिल हुए। मोजेक इंडिया और एस एम सहगल फाउंडेशन साल 2008 से "कृषि ज्योति परियोजना" के तहत कृषि विकास, जल संरक्षण व स्कूल नवीनीकरण का कार्य कर रहा है। यह परियोजना हरियाणा के नूंह, राजस्थान के अलवर और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के 155 गांवों में 14 वर्षों से कार्यरत है और आगे आने वाले सालों में भी यह परियोजना ग्रामीणों के जीवन में रोशनी फैलाती रहेगी।

## दिगंबर कामत ने कांग्रेस से क्यों तोड़ा नाता? जवाब में बोले– मैंने मंदिर जाकर भगवान से पूछा...

एक ओर जहां कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। वहीं, दूसरी उसके कई नेता पार्टी से लगातार नाता तोड़ रहे हैं। इन सब के बीच गोवा में भी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत समेत पार्टी




के आठ विधायक बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। गोवा विध ाानसभा में अब कांग्रेस सदस्यों की संख्या सिर्फ तीन रह गई है। वहीं, आज दिगंबर कामत से कांग्रेस छोड़ने को लेकर सवाल पूछा गया। सवाल का जवाब देते हुए कामत ने कहा कि मैं मंदिर गया और देवी–देवताओं से पूछा कि यह मेरे दिमाग में भाजपा में शामिल होना चल रहा है। मुझे क्या करना चाहिए...भगवान ने कहा, आगे बढ़ो और फिक्र मत करो।

## BJP का मतलब बड़का झूठा पार्टी, जंगलराज के आरोप पर तजस्वी ने पूछा– यूपी में रोज अपराध होता है तो क्या वहां राम राज है?

पटना। बिहार में नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को लेकर भाजपा इस जबरदस्त तरीके से हमलावर है। बिहार में बिगड़ती कानून –व्यवस्था को लेकर भाजपा जंगलराज का दावा कर रही है। भाजपा का साफ तौर पर कहना




है कि जबसे नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर सरकार बनाई है, आरजेडी के गुंडों का मनोबल ऊंचा हुआ है और बिहार में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। इसी पर अब तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। तेजस्वी यादव ने भाजपा को झूठा पार्टी बताया। अपने बयान में तेजस्वी ने कहा कि जनता के राज में दोराय नहीं है। ठश्रच का मतलब श्बड़का झूठा पार्टीश है। समाज को तोड़ना, जहर बोना ठश्रच का काम है। इनको जनता आने वाले समय में सबक सिखाएगी। तेजस्वी यादव ने पूछा कि इतना काम हो रहा है तो कहा से जंगल राज है? उत्तर प्रदेश में रोज अपराध होता है तो क्या वहां राम राज है? इसके साथ ही उन्होंने बेगूसराय की घटना पर भी अपनी बात रखी। तेजस्वी यादव ने साफ तौर पर कहा कि बेगूसराय की घटना पर मुख्यमंत्री ने अपनी बात रखी है। कुछ लोग मामले को अलग दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं। ये घटना दुखःद है, आरोपियों की तस्वीर आ गई है। पुलिस अपना काम कर रही है। कुछ लोग अगर मुख्यमंत्री के बयान को अलग दिशा दिखाना चाहते हैं तो ये गलत बात है। बेगूसराय फायरिंग नीतीश कुमार ने कहा था कि ये देखना बहुत जरूरी है कि ऐसा क्यों हुआ। कहां से कौन निकला। एक–एक चीज को देखा जा रहा है। कुछ लोगों को निलंबित भी किया है....इसपर विस्तृत चर्चा की है। आज मैंने बैठक बुलाई थी। भाजपा का हमलाः बेगूसराय की घटना पर केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि बिहार का दुर्भाग्य है कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।






## आठवले का तंज, `राहुल गांधी की यात्रा में दम नहीं और इस यात्रा से हमें कोई गम नहीं'

इंदौर (मध्यप्रदेश)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बृहस्पतिवार को इसे भारत तोड़ो यात्रा बताया। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस बेदम यात्रा से गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सियासी कामयाबी नहीं मिल सकती। आठवले ने अपने चिर–परिचित अंदाज में तुक मिलाते हुए इंदौर में संवाददाताओं से कहा, गांधी की यात्रा भारत जोड़ो यात्रा नहीं, बल्कि भारत तोड़ो यात्रा है। इस यात्रा में कोई दम नहीं और इस यात्रा को लेकर हमें कोई गम नहीं।'' केंद्र में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री




आठवले ने कहा कि कई धर्मों, जातियों और भाषाओं वाले भारत को डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बनाए संविधान ने काफी पहले जोड़ दिया था और अब प्रधानमंत्री मोदी ''सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास'' की भावना से देश जोड़ने के काम को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक मोदी प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाल रहे हैं, तब तक गांधी को राजनीतिक सफलता मिलने वाली नहीं है, भले ही वह कितनी भी यात्राएं निकालते रहें। गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत समेत कांग्रेस के आठ विधायकों के सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा,''ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस में राहुल गांधी के नेतृत्व को पसंद नहीं किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायतों में लगेगा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप:जिलाधिकारी राजीव रंजन

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान गोल्डन कार्ड को लेकर जिला प्रशासन अब कमर कस चुका है 15 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक लगातार अभियान चला कर सभी ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा, जिसकी सूचना प्रेस वार्ता के जरिए जिलाधिकारी राजीव रंजन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीके अग्रवाल ने दी गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान आयुष्मान गोल्डन कार्ड के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना का शुभारम्भ प्रधानमन्त्री ने रांची, झारखंड से किया था इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी परिवार को सूचीबद्ध राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में 05 लाख रूपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। यह योजना एक कैशलेस एवं पेपरलेस योजना है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी को हर ऐसी बीमारी में निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त हो सकती है जिसमे मरीज को चिकित्सालय में भर्ती होना पड़े।



## आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लिये पात्रता

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए लाभार्थियों का चयन किया गया तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत ऐसे पात्र परिवार के नाम सम्मिलित करने का निर्देश दिया जो 2011 की सूची से वंचित रह गए थे। आयुष्मान भारत– प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत प्रदेश के समस्त अन्त्योदय कार्ड धारकों, पंजीकृत श्रमिक (बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन वर्कर) को भी सम्मिलित कर उन्हें भी इस योजना की पात्रता सूची में जोड़ दिया गया।

- **15 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक चलेगा अभियान**
- **पात्र लाभार्थी परिवार को सूचीबद्ध राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में 05 लाख रूपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा की व्यवस्था।**




## आयुष्मान गोल्डन कार्ड गरीबो के लिये वरदान

आयुष्मान गोल्डन कार्ड उत्तर प्रदेश में गरीबो के लिये वरदान साबित हो रहा है। धारका को आयुष्मान गोल्डन कार्ड 05 लाख रुपये का कवर प्रदान करता है। भारत में सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख का इलाज मुफ्त होगा। अभी तक 10.74 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर हकदार परिवार (लगभग 50 करोड़ लाभार्थी) इन लाभों के लिए पात्र हैं। आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारक ये सुविधायें कैशलेस एक्सेस प्रदान करता है।

## जनपद में शामिल निजी चिकित्सालय

आयुष्मान भारत योजना में जनपद स्तर पर निजी 6 हॉस्पिटल शामिल है जिन में अग्रवाल मल्टीस्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर उसका रोड, वीपीएल मल्टीस्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर उसका रोड, वात्सल्य हॉस्पिटल बेलहिया, पी०एस० मेमोरियल बेलहिया, श्रृंगारी हॉस्पिटल बेवा, आमान हॉस्पिटल बढ़नी है।

## आशा/आंगनबाड़ी करेगी मदद

सघन अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों का निःशुल्क कार्ड बनाया जाना है। जन सेवा केंद्र संचालक एवं आरोग्य मित्र – आशा बहुओं की मदद से माइक्रोप्लान के अनुसार गाँव में कैंप के माध्यम से लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क निर्गत करेंगे। ' प्रत्येक क्षेत्र में सुपरवाइजर नामित किया जायेगा जो कार्य योजना के अनुसार अभियान को सफल बनाने। (उत्तरदायी होगी।' कैंप तिथि के एक दिन पूर्व गाँव की आशाध्आंगनबाड़ी लाभार्थी परिवार के मुखिया को कार्ड बनाने हेतु जरूरी दस्तावेज, कैंप स्थल, एवं कैंप तिथि के बारे में अवगत कराएंगी और साथ में यह अवगत कराएंगी की आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाया जाएगा। कार्ड बनवाने हेतु प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री लाभार्थी पत्र, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड अथवा परिवार रजिस्टर की नकल लेकर लाभार्थी समय से कैंप में उपस्थित हो।

# तहसीलदार ने चिकित्सा केंद्रो के लिए भूमि चिन्हित किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शासन की प्राथमिकता के दृष्टिगत रखते हैं तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन ने राजस्व टीम के साथ तहसील अंतर्गत आधा दर्जन चिकित्सा केन्द्रों के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हित की। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं

- **बर्डपुर ब्लॉक मे ग्राम बूड़ा, बभनी, भुजौली तथा नौगढ़ ब्लाक में ग्राम रोहूडिला, सोनवल, पारा नानकार बनेगा चिकित्सा केंद्र**







परिवार कल्याण विभाग द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में कुल 112 चिकित्सा केंद्रों का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए आज विशेष अभियान चलाकर तहसीलदार राम ऋषि रमन ने राजस्व टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ बर्डपुर ब्लॉक मे ग्राम बूडा, बभनी, भुजौली तथा नौगढ़ ब्लाक में ग्राम रोहूडिला, सोनवल, पारा नानकार आदि गांव में राजस्व टीम द्वारा भूमि का सीमांकन करते भूमि चिकित्सा विभाग को सुपुर्द किया गया। राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल रामकरन गुप्ता, प्रवीण बरनवाल, अवनीश त्रिपाठी, उमेश श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## उम्मीद की बारिश से फसलों को मिली संजीवनी,किसान खुश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास/सिद्धार्थनगर। बारिश होने से किसान खुश नजर आ रहे हैं। इस उम्मीदों की बारिश से धान के फसल को संजीवनी मिल गयी है। जहां साधन संपन्न किसान फसल सूखता देख निजी पम्पसेट और बोरिंग से खेतों में पानी चला रहे थे। साधन विहीन किसान भगवान भरोसे छोड़ दिए थे। ऐसे किसानों के लिए उम्मीदों की बारिश हुई है। क्षेत्र के जगदीशपुर ग्रांट, मधुबनवा, अमवा, सोहास, कुशभौना, धौरीकुइयाँ, गनेरा, पंटनी जंगज, सिसवाग्रान्ट, ऊँचाहरिया, बनकसिहां, नगवा आदि स्थानों की खेती ऊंची नीची है। जहाँ पर बारिश का पानी बहुत समय के लिए ही रुक पाता है। इसी लिए लगभग एक सप्ताह बारिश न हो तो फसल सूखने लगती है। जिससे किसानों के चिंता का विषय बना हुआ है। बुजुर्गों का कहना है कि धान की फसल में फल फूल आते समय लगभग एक अंगुल पानी प्रति दिन चाहिए। लेकिन इस वर्ष बारिश बहुत ही कम होने पर धान की फसल बर्बाद हो रही थी। इस बारिश से धान के फसलों को संजीवनी मिली है। किसान खुश नजर आ रहे हैं।



## झमाझम बरसात से लौटी किसानों के चेहरे पर रौनक



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र में लम्बी इन्तजारी के बाद बुधवार की रात तथा गुरुवार को दिन में हुई झमाझम बरसात से लोगों को काफी राहत मिली। तकरीबन एक सप्ताह से भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगो को जहाँ एक ओर इससे राहत के लिए इन्द्र देव की विशेष कृपा की आवश्यकता महसूस होरही थी, वहीं क्षेत्र के सैकड़ो एकड़ खेतों में खड़ी धान की फसल व सब्जियाँ सूख रही थी। तपती धूप और गर्मी से निजात के लिए इन फसलों को महज घनघोर बरसात की दरकार थी। लेकिन बुधवार की मध्य रात्रि के बाद शुरू हुई घनघोर बरसात के बाद बुधवार को भी पूरे दिन बरसात से मौसम सुहाना बना रहा। जिससे लोगो को काफी राहत और फायदा मिला। इस बरसात के बाद गर्मी से बेहाल जनता के साथ खेती किसानी से जुड़े लोगो को फायदा हुआ। किसान जो अपनी धान की फसल में पानी चलाते चलाते परेशान थे और लगने लगा था कि इस बार उन्हें खरीफ की खेती किसानी से मायूस होना पड़ेगा। क्यों की प्राकृतिक बारिस के आभाव में धान की फसल पैदा कर पाना लगभग नामुमकिन हो जाता है। लेकिन इस बार झमाझम बरसात से क्षेत्र के किसानों के मुरझाये चेहरे पर फिर से रौनक लौट आयी है। इस बरसात के बाद किसानों को धान की सूखती फसल के लिए संजीवनी मिलगयी है।

## जोगिया कोतवाली पुलिस ने किया पैदल गस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। देवी गुलाम सी. ओ. के साथ में थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने किया पैदल गस्त गुरूवार शाम को जोगिया कोतवाली क्षेत्र के जोगिया चौराहा पर सी. ओ. देवी गुलाम सिंह के नेतृत्व में जोगिया कोतवाली पुलिस के जवानों द्वारा चेल्लहम ओर दुर्गा पूजा के मद्देनजर चौराहा पर पैदल मार्च कराया गया और कहा गया की जनता पुलिस को अपना मित्र समझे और उसके साथ सहयोग के भावना से कार्य करे।



# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन










दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में गुरूवार को कला संकाय बीए एवं एमए के नवागत छात्र–छात्राओं के इंडक्शन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो हरि बहादुर श्रीवास्तव ने कहा कि निरंतर प्रयास अधिकतम सफलता का आधार है। सतत प्रयास कठिन से कठिन उद्देश्यों की प्राप्ति सहज बना देती है। धैर्य इसके लिए महत्वपूर्ण है। नियमित कक्षा अध्यापन विद्यार्थी जीवन में ज्ञान अर्जित करने हैं की सबसे बड़ी साधना है। पुस्तक का अनवरत अध्ययन सही अर्थों में ही विद्या है। इसलिए नियमित रूप से पुस्तकालय में बैठकर स्वधय्यन कर असीम ज्ञान को प्राप्त किया जा सकता है। लेकिन विद्यार्थियों को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि केवल किताबी ज्ञान ही उनके लिए आवश्यक नहीं है वरन व्यक्तित्व के अन्य आयामों के लिए भी सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानवान व्यक्ति निर्मित करना नहीं अपितु श्रेष्ठ और उत्तम मनुष्य निर्मित कर समाज में उसकी उपयोगिता और उपादेयता बनाने का भी प्रयास होता है। जिससे समाज और राष्ट्र के लिए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होसके। वृहत्तर व्यक्तित्व निर्माण के लिए शिक्षण और शिक्षणेत्तर दोनों गतिविधियों में नियमित योजना अनुसार अभ्यास महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने का संस्थान नहीं है। आज के आधुनिक दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए गहन अध्ययन और कठोर परिश्रम आवश्यक है। किसी संस्थान का विद्यार्थी जितना ही ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा वह संस्थान भी उसी अनुपात में उन्नति की ओर अग्रसर होगा। अच्छे विद्यार्थी की अलग पहचान उसके ज्ञान के साथ–साथ आचरण व्यवहार और व्यक्तित्व से स्पष्ट होती है।

शिक्षकों को भी परिसर में कक्षाओं में पुस्तकालय में प्रयोगशालाओं में अधिक से अधिक समय विद्यार्थियों के साथ रहना चाहिए। विद्यार्थियों को भी शिक्षकों के ज्ञान का भरपूर सदुपयोग करना चाहिए। विद्यार्थी शिक्षक मिलकर शिक्षण संस्थान की सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकतें हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के अम्बेसडर होते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता विज्ञान संकाय देवेश कुमार ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होता है।

विश्वविद्यालय केवल परंपरागत अध्ययन अध्यापन के लिए नहीं होता अपितु उसकी उपादेयता शोध के वातावरण को सृजित कर शोध के क्षेत्र के विभिन्न आयामों को निर्मित करना होता है। साथ ही विद्यार्थियों को उस में कार्य करने के लिए प्रेरित करना भी होता है।विद्यार्थियों को शोध की ओर अग्रसर करना और उन्हें उसने दक्ष करने में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो दीपक बाबू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना अनिवार्य होता है। उत्तम आचरण और श्रेष्ट संस्कार विद्यार्थी की वास्तविक पहचान होती है। शिक्षक विद्यार्थियों में संस्कार और अनुशासन की प्रतिमूर्ति होता है। परिसर में सभी की सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की है। अनुशासन निर्मित करने में परिवार समाज और शिक्षण संस्थाओं की विशेष भूमिका होती है। शिक्षक अपने आदर्श व्यक्तित्व और उत्तम कार्य व्यवहार से विद्यार्थियों को अनुशासन के लिए निरंतर करते रहते हैं। कार्यक्रम में विषय प्रस्तावना रखते हुए अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय उत्तम और उत्कृष्ट संस्थान होता है। लगन और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ सतत प्रयत्नशील विद्यार्थी निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करते हैं।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विद्यार्थी के भविष्य का निर्धारण करती है ।नियमित कक्षाएं अध्ययन अध्यापन की पहली शर्त होती है। संवाद से समस्या का समाधान कर चुनौतियों से निपटा जा सकता है। विद्यार्थी जीवन में कर्म समर्पण और तपस्या आगे बढ़ने की अनिवार्य कड़ी मानी जाती है। प्रयास और परिश्रम हमेशा शुभ होता है। इसलिए विद्यार्थियों को प्रथम दिन से उत्तम विद्यार्थी के साथ–साथ उत्तम नागरिक बनने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन डॉ सच्चिदानंद चौबे आभार ज्ञापन डॉ सुनीता त्रिपाठी एवं संचालन डॉक्टर सत्येंद्र दुबे ने किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। सरस्वती वंदना कुलगीत स्वागत गीत एवं राष्ट्रगान विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के संबंध में प्रो हरीश कुमार शर्मा ने शिक्षणेत्तर गतिविधियों और महिला सुरक्षा के संबंध में डॉ नीता यादव छात्रावास से संबंधित जानकारी डॉ सचिदानन्द चौबे ने पुस्तकालय की सुविधा के विषय में डॉ सुनीता त्रिपाठी ने सांस्कृतिक गतिविधियों के संदर्भ में डॉ सत्येंद्र दुबे ने एनसीसी विषय में प्रज्ञेस त्रिपाठी ने परिसर संस्कृति के सम्बंध में डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों से परिचर्चा किया। कार्यक्रम में डॉ आभा दिवेदी डॉअब्दुल हफीज डॉबाल गंगाधर डॉ मुन्नू डॉधर्मेंद्र डॉ हृदयकान्त डॉ रविकांत डॉ मयंक डॉ यशवंत डॉ अमित साहनी डॉ सरिता डॉ बन्दना डॉ रेनू त्रिपाठी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सूचना व जनसंपर्क अधिकारी रक्षा अविनाश प्रताप सिंह ने दी है

## सम्पादकीय

**इसी तरह अगले साल राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और इन दोनों राज्यों में कांग्रेस अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है। दोनों राज्यों में 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीती थी। हालांकि मध्य प्रदेश में बाद में भाजपा ने कांग्रेस तोड़ कर अपनी सरकार...**

# चुनावी मकसद से भारत जोड़ो यात्रा

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का घोषित मकसद चाहे जो भी हो पर इसमें कोई संदेह नहीं है कि यात्रा की पूरी प्लानिंग लोकसभा और अगले साल होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रख कर की गई है। राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही भारत जोड़ो यात्रा उन्हीं राज्यों से गुजरेगी, जिन राज्यों में कांग्रेस को कुछ उम्मीद है। कांग्रेस ने पहली बार इस तरह की लक्षित योजना बनाई है। उसे पता है कि जिन राज्यों में कुछ हासिल नहीं होने वाला है उन राज्यों में यात्रा या तो नहीं जा रही है या बहुत थोड़े समय के लिए जा रही है। जिन राज्यों में कांग्रेस को यह भी पता है कि सहयोगी अनिवार्य हैं और उनके बिना राजनीति नहीं हो सकती है उन राज्यों को भी कांग्रेस ने छोड़ दिया है। मिसाल के तौर पर तमिलनाडु को लिया जा सकता है, जहां कांग्रेस की यात्रा सिर्फ तीन दिन चली। पहले दिन कन्याकुमारी में कार्यक्रम में हुआ और उसके बाद तीसरे दिन यात्रा केरल पहुंच गई।



कांग्रेस को पता है कि तमिलनाडु में उसकी राजनीति डीएमके के सहारे चलनी है इसलिए ज्यादा जोर लगाने की जरूरत नहीं है। केरल जैसे छोटे राज्य में कांग्रेस की यात्रा 19 दिन चलेगी और कर्नाटक में 21 दिन राहुल गांधी पदयात्रा करेंगे। दक्षिण भारत के राज्यों में इस तरह की यात्राएं सफल होती रही हैं। तेलंगाना में भी कांग्रेस की यात्रा 13 दिन रहेगी। इस तरह 148 दिन की यात्रा में 53 दिन राहुल गांधी दक्षिण भारत के तीन राज्यों में बिताएंगे। इन तीनों राज्यों में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है। केरल में तो उसके 15 सांसद हैं और यूपीए ने कुल 20 में से 19 सीटें जीती थीं। इस बार कांग्रेस को यह प्रदर्शन दोहराना है। इसलिए राहुल की यात्रा काम आएगी। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस को सहयोगी मिल सकते हैं। कर्नाटक में जेडीएस और तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव। लेकिन कांग्रेस उससे पहले अपनी ताकत बढ़ाना और दिखाना चाहती है। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस का पिछले चुनाव का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। इस बार बेहतर करने के लिए राहुल की यात्रा काम आएगी। अगर सहयोगी मिलते हैं तो ठीक नहीं तो कांग्रेस अकेले चुनाव में उतरेगी। ध्यान रहे दोनों राज्यों में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह अगले साल राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और इन दोनों राज्यों में कांग्रेस अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही है। दोनों राज्यों में 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीती थी। हालांकि मध्य प्रदेश में बाद में भाजपा ने कांग्रेस तोड़ कर अपनी सरकार बना ली। राजस्थान में राहुल की यात्रा 21 दिन और मध्य प्रदेश में 16 दिन रहेगी। इससे चुनाव का माहौल बनाया जाएगा। ऐसे ही कांग्रेस को पंजाब और हरियाणा से भी बड़ी उम्मीद हैं। तभी पंजाब में 11 और हरियाणा में 12 दिन राहुल गांधी पदयात्रा करेंगे। इसके उलट जहां उम्मीद नहीं है, जैसे उत्तर प्रदेश में तो वहां पांच दिन और दिल्ली में दो दिन की यात्रा होगी।

# आजादी की मजेदार नौटंकी

वेद प्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्सेंट्रल विस्टाय का उद्घाटन करते समय सबसे ज्यादा जोर इस बात पर दिया कि वे देश की गुलाम मानसिकता को खत्म करने का काम कर रहे हैं। इसमें शक नहीं कि जॉर्ज पंचम की जगह सुभाष बाबू का शानदार पुतला खड़ा करना अत्यंत सराहनीय कदम है और पूरे श्इंडिया गेट्य इलाके का नक्शा बदलना भी अपने आप में बड़ा काम है। इस क्षेत्र में बने नए भवनों से सरकारी दफ्तर बेहतर ढग से चलेंगे और नई सड़कें भी लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक रहेंगी। इस सुधार के लिए नरेंद्र मोदी को आनेवाली कई पीढियों तक याद रखा जाएगा। लेकिन राजपथ का नाम श्कर्तव्यपथ्य कर देने को मानसिक गुलामी के विरुद्ध संग्राम कह देना कहां तक ठीक है? पहली बात तो यह कि राजपथ शब्द हिंदी का ही है। दूसरा, यह सरल भी है, कर्तव्य पथ के मुकाबले। यदि प्रधानमंत्री ने पहली बार शपथ लेते हुए खुद को देश का श्प्रधान सेवक्य बताया था तो इस पथ का नाम श्सेवा–पथ्य रखा जा सकता था। इससे यह ध्वनित होता कि भारत में श्राजाय का राज नहीं, श्सेवक्य की सेवा चल रही है। प्रधानमंत्री चाहें तो अब भी उसका नाम श्सेवा पथ्य रख सकते हैं लेकिन इससे भी बड़ा और बुनियादी सवाल यह है कि क्या कुछ सड़कों, द्वीपों और शहरों के नाम बदल देने और राष्ट्रनायकों की मूर्तियाँ खड़ी कर देने से आप अंग्रेज के जमाने से चली आ रही गुलाम मानसिकता से मुक्ति पा सकते हैं? यह क्रिया–कर्म वैसा ही है, जैसा कि नौटंकियों में होता है। सिर पर मुकुट और हाथ में धनुषबाण तानकर आप राम की मुद्रा तो धारण कर लेते हैं लेकिन फिर मंच से उतरते ही आप सिगरेट और गांजा फूंकने लगते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि नौटंकियां निरर्थक होती हैं। उनसे भी लाभ होता है लेकिन भारत की आजादी के 75 साल का उत्सव मनानेवाली सरकार को यह पता ही नहीं है कि उसकी रग–रग में गुलामी रमी हुई है। अभी भी हमारे नेता नौकरशाहों के नौकर हैं। देश के सारे कानून, देश की सारी ऊंची पढ़ाई व अनुसंधान और देश का सारा न्याय किसकी भाषा में होता है? क्या वह भारत की भाषाओं में होता है? वह आपके पुराने मालिक अंग्रेज की भाषा में होता है। प्रधानमंत्री के नाम से चलनेवाली ज्यादातर योजनाएं, अभियानों और देशहितकारी कामों के नाम भी हमारे पुराने मालिक की जुबान में रखे जाते हैं। क्योंकि हमारे नेताओं का काम सिर्फ जुबान चलाना है। असली दिमाग तो नौकरशाहों का चलता है। हमारे नौकरशाह और बुद्धिजीवी मैकाले और कर्जन के सांचे में ढले हुए हैं। जब तक उस सांचे को तोडनेवाला कोई गांधी, लोहिया या दीनदयाल भारत में पैदा नहीं होगा, यह गुलाम मानसिकता भारत में दनदनाती रहेगी।

# बेगूसराय के सबक

**फिलहाल यह भी विचारणीय है कि अहिंसा के पुजारी वाले देश में इतनी हिंसा और नफरत कहां से भर गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से लेकर ओटीटी पर दिखाए जा रहे कार्यक्रमों में हिंसक प्रवृत्ति और अपशब्दों की भरमार है, जिसे नौजवान पीढ़ी बिना किसी विचार के ग्रहण करती जा रही है। जो चीजें स्मार्ट फोन और स्मार्ट टीवी पर स्वीकार्य हैं, वो घर और समाज में भी स्वीकार्य होंगी, ऐसी भावना समाज में ...**

बिहार के बेगूसराय में मंगलवार शाम को एक दिल दहलाने वाली घटना हुई। नेशनल हाईवे 28 और 31 पर फुलवरिया, बछवाड़ा, तेघड़ा और चकिया थाना क्षेत्रों के लगभग 30 किमी के रास्ते पर दो बाइक सवारों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। दोनों का चेहरा कपड़े से ढंका था और वे अपने रास्ते में मिल रहे लोगों पर गोलियां चलाते जा रहे थे। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत की खबर है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। दोनों हमलावर कहां के थे, उनके पास हथियार कहां से आए, किस मकसद से उन्होंने निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाईं, अभी ऐसे कई सवालों के जवाब मिलने बाकी हैं। घटना का पता लगते ही पुलिस ने जिले की सीमा को सील करके छापेमारी और तलाशी अभियान शुरु कर दिया था। अब खबर है कि समस्तीपुर में पुलिस ने 25–26 बरस के दो युवकों को पकड़ा है, जो बाइक पर सवार थे। इन युवकों के पास पिस्तौल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस का मानना है कि ये वही आरोपी हो सकते हैं, जिन्होंने अपनी सनक में कम से कम 11 लोगों को गोली मार दी है। वैसे मंगलवार की इस घटना पर सबसे पहला सवाल पुलिस की मुस्तैदी और कानून व्यवस्था पर ही उठा था। जिसके बाद बेगूसराय के एसपी योगेंद्र कुमार ने पुलिस गश्ती में लापरवाही बरतने पर सात पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। और अब संदिग्धों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। लेकिन इस कार्रवाई से इस सवाल का समाधान नहीं मिलता कि आखिर दो लोग शाम को नेशनल हाइवे पर किस तरह गोलियां दागते हुए बढ़ते रहे, क्यों पुलिस वक्त पर उन्हें रोक नहीं पाई। एक अहम सवाल ये कि क्या बिहार में अपराधी इतने बेखौफ हो चुके हैं कि उन्हें वीडियो गेम की तरह दनादन गोलियां चलाने में पुलिस कार्रवाई का कोई डर नहीं रहा। इस निडरता के पीछे दो कारण हो सकते हैं। पहला यह कि अपराधी किसी के कहने पर इस वारदात को अंजाम दे रहे थे और उन्हें पता था कि उन पर किसी प्रभावशाली इंसान का हाथ है, जो उन्हें सजा से बचा लेगा। दूसरा यह कि अपराधी किसी मानसिक रोग से ग्रसित हों और उन्हें सही–गलत, अच्छे–बुरे की परवाह नहीं है। दूसरी संभावना बलवती हो सकती थी अगर अपराधी एक ही होता। मगर मानसिक संतुलन खो चुके दो लोग एक साथ एक अपराध में भागीदार बनें, ऐसा बहुत कम सुनने में आया है। अगर बिहार में ऐसा हुआ है, तो यह फिर विचारणीय मुद्दा है कि क्या समाज में मानसिक अस्थिरता, व्यग्रता, कुंठा और गुस्से में हिंसक होने की बीमारी बढ़ती जा रही है। बेगूसराय की इस घटना की प्रवृत्ति बहुत कुछ उन अमेरिकी घटनाओं की तरह है, जहां कभी किसी शापिंग मॉल में, कभी थियेटर में या स्कूलों में अंधाधुंध गोलीबारी हुई है। अमेरिका में इसे एक गंभीर समस्या की तरह मानकर सरकार के शीर्ष स्तर पर इसके समाधान की बात होने लगी है। वहां हथियारों के सौदागरों का गिरोह संपन्न और मजबूत है और अमेरिका के चुनावों में इस गिरोह का काफी दखल है। इस वजह से हथियारों की बिक्री और आम लोगों तक इसकी पहुंच पर कोई सख्त कानून अब तक नहीं बन पाया है। अमेरिका ने अपने नागरिकों के हाथों में बंदूक देना क्यों स्वीकार किया, यह उनका अपना मसला है। लेकिन भारत में इस तरह की इजाजत कानून नहीं देता है। यहां हथियार रखने के लिए लाइसेंस लेना होता है, जिसकी प्रक्रिया काफी जटिल है। फिर भी गैरकानूनी तरीके से आयातित हथियारों से लेकर घरेलू स्तर पर बनी पिस्तौल और राइफल अपराधियों तक पहुंच ही जाते हैं। अपराध की इस काली दुनिया के बारे में आम जनता अधिक नहीं जानती है, लेकिन पुलिस और सत्ता में बैठे लोग इसकी कार्यप्रक्रिया से वाकिफ ही होंगे। अब बेगूसराय मामले में इस कोण से भी पड़ताल होगी ही कि जिन लोगों ने राह चलते लोगों पर गोलियां चलाईं, क्या वे पेशेवर अपराधी थे और उनके पास हथियार कहां से आए। अगर यह वारदात किसी महानगर या चुनावी क्षेत्र या अन्य संवेदनशील माने जाने वाले इलाके में होती तो अब तक इसे आतंकवादी घटना की तरह देखा जाने लगता। लेकिन बेगूसराय को शायद इन पैमानों पर खरा नहीं माना गया है, इसलिए आतंकवाद का कोण यहां अब तक नहीं आया है। बिहार ही नहीं, पूरे देश में यह अपने तरह की अनूठी घटना है। लेकिन इस पर जिस तरह की राजनीति शुरु हो गई है, वह बिल्कुल अनोखी नहीं है। बल्कि राजनीति के यही पैंतरे मौजूदा दौर की पहचान बन गए हैं। घटना के फौरन बाद बेगूसराय का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा नेताओं ने नीतीश कुमार सरकार पर सवाल उठाने शुरु कर दिए। बिहार की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया। जबकि पिछले महीने तक भाजपा भी इसी सरकार का हिस्सा थी। और कम से कम पांच साल सत्ता में रही है। बिहार की अपराध की दर जब पांच सालों में कम नहीं हुई, तो एक महीने में कम कर दे, ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं बनी है। राजनैतिक विरोध और सशक्त विपक्ष की भूमिका के नाते सरकार से सवाल पूछना चाहिए, लेकिन इसे केवल यहीं तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इन सवालों का मकसद तभी पूरा होगा, जब राज्य में अपराधियों पर पुलिस का खौफ दिखेगा। बेगूसराय की घटना का महागठबंधन सरकार पर क्या असर होता है, इसका पता कुछ वक्त में लग ही जाएगा। फिलहाल यह भी विचारणीय है कि अहिंसा के पुजारी वाले देश में इतनी हिंसा और नफरत कहां से भर गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से लेकर ओटीटी पर दिखाए जा रहे कार्यक्रमों में हिंसक प्रवृत्ति और अपशब्दों की भरमार है, जिसे नौजवान पीढ़ी बिना किसी विचार के ग्रहण करती जा रही है। जो चीजें स्मार्ट फोन और स्मार्ट टीवी पर स्वीकार्य हैं, वो घर और समाज में भी स्वीकार्य होंगी, ऐसी भावना समाज में फैलती जा रही है। धर्म, जाति और क्षेत्र की संकुचित राजनीति इस भावना को बढ़ावा दे रही है। बेगूसराय का फैलाव देश के बाकी हिस्सों में हो, इससे पहले नफरत और हिंसा की भावना को रोकना होगा।

**सत्ता संस्थाओं की ईमानदारी और उनका चरित्र तोड़ते हुए तो मीडिया को तोड़ते और गुलाम बनाते हुए। इस सबके बदले में भक्तों के थोक में वोट। इसलिए तोडना है आज और भविष्य का राष्ट्रवादी हिंदू मंत्र। इसलिए राहुल गांधी जाने लें कि वे नाकाम होंगे। न वे लोगों के दिल जोड़ सकेंगे और न मोदी–शाह का तोडने का संकल्प खत्म होगा! भारत का भविष्य तय है। लगेंगे देश के कोने–कोने, जिले–जिले में पानीपत...**

# अब संभव ही नहीं भारत जोड़ो!

हरिशंकर व्यास

राहुल गांधी नादान हैं। नासमझ और पप्पू हैं। तभी वे भारत जोडने की फिजूल बात कर रहे हैं। वे आठ साल से मोदी राज में हैं फिर भी उन्हें न्यू इंडिया की रियलिटी और हिंदुओं की चाहना नहीं समझ आई। उन्हें समझना चाहिए कि उनके पूर्वजों और कांग्रेस ने 75 साल बरबाद किए जो देश को एक बनाना चाहा। हिंदू–मुसलमानों को जोडना चाहा। जातियों–धर्म के भेद को मिटाना चाहा। आधुनिकता के पश्चिमी आइडिया में कलियुगी हिंदुओं की गोबर संस्कृति को नहीं अपनाया। उन्होंने भारत बनाया। न कि बिना मुसलमान, बिना सेकुलर, बिना चरित्र, बिना इंसानियत और बिना ज्ञान–विज्ञान तथा आधुनिकता का श्न्यू इंडियाय सोचा। नेहरू, इंदिरा, राजीव, नरसिंह राव, मनमोहन सिंह जैसे कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों ने हिंदुओं से धोखा किया। उन्हें दिलों को जोडने के झूठं मंत्र दिए। पानीपत की तीसरी लड़ाई बनवा कर भारत का शुद्धिकरण नहीं कराया। उलटे मुसलमानों, पाकिस्तानियों, गद्दारों, सेकुलरों, वामपंथियों की टुकड़े–टुकड़ां गैंग को सिर पर बैठाया! हां, तभी तो हिंदू भक्तों को अब प्राप्त है उनके मन के भगवान नरेंद्र मोदी! वे भगवान जिनकी छाती छप्पन इंची है। जिनमें भारत के अशोक स्तंभ में खूंखार शेर की आत्मा प्रवेश कराने की ताकत है। जो सर्वज्ञ है। जिनके हाथों में वह सुदर्शन चक्र है, जिससे विधर्मियों की, जयचंदों की, उन लोगों, उन दिमागों की गरदनें कटनी हैं जो पचहतर सालों से हिंदुओं को भटकाते आ रहे हैं। वे लोग राजनीति में ईमानदारी, शुचिता, चरित्र, नैतिक मूल्यों को लिवाने के पाठ पढ़ाए। कलियुगी हिंदुओं को सांप–सपेरों की जहालत से बाहर निकाला और इस कारण उन्हें विश्वगुरू नहीं बनने दिया।

ऐसे लोगों को मिटाना ही नरेंद्र मोदी और उनके भक्तों का संकल्प है। जहरीले सांपों को खत्म करना है। पानीपत की तीसरी लड़ाई के लिए देश को तैयार करना है। उन गद्दार हिंदुओं के मनोबल को तोडना है जो बुद्धि बघारते हैं, भविष्य की चिंता करते हैं। जो भक्त बनने की बजाय भगवान पर ऊंगली उठाते हैं। जो भय और भूख की जगह निर्भयता और पुरुषार्थ को नागरिक जीवन की अनिवार्यता बताते हैं। जो आरती, चरण वंदना और भगवानजी के दरवाजे मत्था नहीं टेके रहते। जो नास्तिक हैं। पहले ऐसे लोगों को भगाना है। पाकिस्तान भेजना है। मारना है। उनके पीछे लंगूरों, ट्रोल सेना को, सीबीआई–ईडी–इनकम टैक्स को छोड़ देना है, इनसे उन्हें नुचवाना है। यहीं राष्ट्र धर्म है, राष्ट्र कर्तव्य है। इसी से फिर कर्तव्य पथ पर लाठी लिए, उस्तरे लिए, नगाड़े लिए लंगूरों, ट्रोल सेना, चारणों और गोदी मीडिया के पथ संचलन का भारत वैभव है। हिंदुओं की आन, बान और शान है। भारत तभी बनेगा, हिंदुओं का मनोरथ तभी पूरा होगा जब भगवानश्री मोदी का फरसा भारत के कोने–कोने में बसे–छुपे विधर्मियों–विरोधियों का संहार करेग। तभी भारत एकसूत्र होगा। उनका न्यू इंडिया साकार होगा। हिंदू धर्म की गाथा में नरेंद्र मोदी हिंदु धर्म के रियल कल्कि अवतार होंगे। हिंदुओं की विश्व गुरूता बनेगी।

सोचें, ऐसा है मोदीजी का महान कर्तव्य पथ! भक्त हिंदुओं का परिवर्तनकारी काल।

जबकि श्पप्पूय राहुल गांधी क्या बात कर रहे हैं? केरल से कन्याकुमारी की पदयात्रा करके लोगों से कह रहे हैं भारत जोड़ो! कैसे नासमझ हैं राहुल गांधी! तभी



कांग्रेसियों समझो। जरा सीखो नरेंद्र मोदी और अमित शाह की पाठशाला से। अपनी पुरानी भूले सुधारो। संस्कारों को छोड़ो। बड़ों का मान–सम्मान, कायदे–कानून छोड़ो। बुलडोजर की राजनीति करो। समझो कि लोकतंत्र हिंदुओं के लिए खरीदने और बिकने की एक हाट है। दलबदल, तोडफोड़ से सत्ता पाना असली चमत्कारी नुस्खा है। लोकतंत्र दुहने की गाय है। नागरिकों को मूर्ख बनाने का स्वांग है। हां, समझें कि तोड़ेंगे तो वोट पाएंगे। सत्ता पाएंगे। पहले तोड़ो, खरीदों, मारो, गालियां दो, प्रताडिघ्त करो, डंडा दिखाओ तभी तो कांग्रेस भी जिंदा हो सकेगी।? भारत भूमि को पहले शुद्ध होना है। पहले नरबली चढ़ानी है। गालियां देनी हैं, ट्रोल करना है, बुद्धि का हरण करना है। लोगों को बेजुबान भक्त बनाना है। विधर्मियों–विरोधियों की छाती पर मूंग दलना है। उन्हें भगाना है। तोडना है तभी तो पानीपत की तीसरी लड़ाई का सपना साकार होगा। कर्तव्य पथ का उसका पथ संचलन बनेगा। इसलिए राहुल गांधी छोड़ो जोडने की बात। वक्त तोडने, मारने, खत्म करने, खरीदने का है। तोडना है, खरीदना है, डराना है 140 करोड़ लोगों के दिल–दिमाग को। देखा नहीं दो दिन पहले ही उज्जैन में महाकाल मंदिर से अभिनेता रणबीर कपूर–आलिया भट्ट को कैसे नकली हिंदू करार करके भगाया। यहीं है नव निर्माण। ऐसे ही भारत का, गद्दार हिंदुओं का शुद्धिकरण होगा। पिछले आठ सालों में बॉलीवुड के खान टूटे, कपूर भी टूट गए होंगे और न जाने कितनों पर सुदर्शन चक्र चलना और बाकी है। इस सबसे है न्यू इंडिया निर्माण। तोडना है राष्ट्रधर्म। बुलड़ोजर है राष्ट्रकर्म। तभी फिल्म, कला–साहित्य–संस्कृति पर कैसे बुलडोजर चल रहे हैं। खान–पान पर विभाजन तो असली बनाम नकली हिंदू, देशद्रोही बनाम देशभक्त, हिंदू बनाम सेकुलर में बांटने और तोडने का दिन–प्रतिदिन का कैलेंडर।

कभी लोकतंत्र पर हथौड़ा। कभी वह खरीद फरोख्त की मंडी तो कभी कानून–कायदों–संस्कार को खत्म करने का औजार। सत्ता संस्थाओं की ईमानदारी और उनका चरित्र तोड़ते हुए तो मीडिया को तोड़ते और गुलाम बनाते हुए। इस सबके बदले में भक्तों के थोक में वोट। इसलिए तोडना है आज और भविष्य का राष्ट्रवादी हिंदू मंत्र। इसलिए राहुल गांधी जाने लें कि वे नाकाम होंगे। न वे लोगों के दिल जोड़ सकेंगे और न मोदी–शाह का तोडने का संकल्प खत्म होगा!



# समस्त विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ समयसीमा में पूर्ण करायें: सांसद

## विद्युत समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरते वाले अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही करें: एमपी

हरदोई।विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आहूत जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की अध्यक्षता करते हुए सांसद हरदोई जय प्रकाश रावत ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये के जनप्रतिनिधियों द्वारा बताये गये समस्त विकास कार्यो को पूरी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ समयसीमा में पूर्ण करायें और कार्य पूर्ण होने की जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध करायें। क्षेत्र पंचायतों की बैठकों में ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, विद्युत आदि विभाग के अधिकारियों के न पहुंचने की शिकायतों पर अध्यक्ष ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्र पंचायत की बैठकों में न जाने वाले ब्लाक स्तरीय अधिकारियों पर कार्यवाही करें तथा ब्लाक स्तरीय जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करायें। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये तटपबन्धों एवं पुलों आदि का निर्माण समय से पूर्ण कराये तथा किसानों को सिंचाई के लिए माईनर के माध्यम से टेल तक पानी पहुंचायें। विद्युत विभाग की अघोषित विद्युत कटौती, समय से ट्रास्फार न बदलना तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय से निस्तारण जैसे शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांसद जी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई के साथ खराब ट्रास्फारमरों को समय से बदला जाये और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें और ब्लाक स्तर पर विद्युत समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरते वाले अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही करें। उन्होने नलकूप संबंधी शिकायतों के लिए अधिशासी अभियंता नलकूप को निर्देश दिये कि खराब नलकूपों को तत्काल प्रभाव से सही करायें और नये नलकूपों के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त लें।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि संचारी रोगों की गम्भीरता को देखते हुए गांवों में साफ–सफाई के प्रति लोगों को जागरूक कराये आदि मलेरिया, बुखार आदि के मरीजों के संबंध में प्रतिदिन की जानकारी रखें तथा सभी सीएचसी व पीएचसी पर समस्त दवाओं की उपलब्धता बनायें रखें और कोविड बूस्टर डोज लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में बच्चों को उच्च शिक्षा दी जाये तथा विद्यालय में शौचालय, पेयजल, विद्युत की पूर्ण व्यवस्था कराये तथा बच्चों को मीनू के अनुसार प्रत्येक दिन मिड–डे मील दिया जाये। जल निगम की समीक्षा करते हुए सांसद ने जल निगम अभियंता को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रही परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करायें और हर घर जल योजना गांव के प्रत्येक घर में नल लगवाना सुनिश्चित करे। किसान कल्याण क्षेत्र हरपालपुर आदि स्थानों पर अवैध कब्जों की शिकायत पर सांसद ने जिलाधिकारी से कहा कि सरकारी भूमि के समस्त अवैध कब्जों को तत्काल कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के विरूद्व कठोर कार्यवाही करायें। बैठक में बघौली–प्रताप नगर आदि खराब सड़कों के संबंध में सांसद ने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा जिन खराब सड़कों के निर्माण हेतु धनराशि प्राप्त हो गयी है उनका तत्काल प्रभाव से निर्माण प्रारम्भ कराये तथा शेष खराब सड़कों के निर्माण हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से धनराशि के लिए मांग पत्र प्रेषित करें। लम्पी बीमारी की गंभीरता को देखते हुए सांसद ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि लम्पी स्कीन बीमारी से ग्रसित गायों को तत्काल टीकाकरण प्रारम्भ करायें और गांव–गांव में पशु चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से लम्पी गस्त पशुओं का शतप्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सांसद मिश्रिख अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती,विधायक रामपाल वर्मा प्रभाष, अलका अर्कवंशी, एमएलसी अशोक अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, समस्त ब्लाक प्रमुख, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, पीडी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बैठक के उपरान्त सांसद जय प्रकाश रावत ने सांसद मिश्रिख अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, विधायक रामपाल वर्मा, प्रभाष, अलका अर्कवंशी, एमएलसी अशोक अग्रवाल, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ लम्पी बीमारी से ग्रस्त पशुओं के टीकाकरण हेतु प्राप्त दो वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना के उपरान्त 10 दिव्यांगों को ब्हील चेयर, 10 को बैशाखी, 10 को छड़ी, 07 को कान मशीन तथा एक दिव्यांग को एक स्मार्ट केन प्रदान किया।

# आयुष राज्यमंत्री ने होम्योपैथी चिकित्सालयों का किया निरीक्षण

## चार होम्योपैथी चिकित्सालय व दो कार्यालय निर्माण के लिए नगर आयफ्कत को भूमि उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

अयोध्या। सूबे के आयुष राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु .अचानक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राजकीय बृज किशोर होम्योपैथी मेडिकल कालेज,देवकाली स्थित होम्योपैथी के क्षेत्रीय चिकित्सालय,जिला चिकित्सालय स्थित होम्योपैथी की जिला चिकित्सालय इकाई व होम्योपैथी के जिला कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार लगायी। आयुष मंत्री राजकीय बृज किशोर होम्योपैथी मेडिकल कालेज का गहन निरीक्षण किया। वहां ओपीडी व नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। अस्पताल मे भर्ती मरीजों से बातचीत की। कक्षाओं में जाकर छात्रों से जानकारी हांसिल की। आयुष मंत्री ने दवाओं की उपलब्धता के बारे में प्राचार्य डा. उपेन्द्र तोमर से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने देवकाली स्थित होम्योपैथी के क्षेत्रीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया। वहां गंदगी देखकर अधिकारियों को फटकार लगायी। इसके बाद आयुषमंत्री ने जिला चिकित्सालय स्थित होम्योपेथी की जिला इकाई का निरीक्षण किया। वहां नियुक्त चिकित्सक मौके पर मौजूद नही थे। बताया कि संगठन के चुनाव के सिलसिले में लखनऊ गए हैं। निरीक्षण के समय मौजूद जिला होम्योपैथी अधिकारी डा. घनश्याम चौधरी ने जिला कार्यालय का निरीक्षण कराया। डीएचओ ने आयुष मंत्री को जानकारी दी कि जिले में चार होम्योपैथी के अस्पताल व दो कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है। इसके लिए नगर निगम से भूमि की मांग की जा रही है किन्तु विभाग की ओर से भूमि उपलब्ध नही करायी जा रही है। आयुष राज्यमंत्री ने नगरायुक्त को इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि आयुष विभाग को अस्पताल व कार्यालय बनाने के लिए भूमि का आवंटन करें। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक,यूनानी व होम्योपैथी के चिकित्सालय एक ही कैम्प में होने चाहिए जिससे मरीजों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। आयुष राज्यमंत्री के निरीक्षण में रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह मौजूद रहे। आयुष राज्य मंत्री के सर्किट हाउस पहुंचने पर कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा व महानगर सह मीडिया प्रभारी अंशुमान मित्रा ने किया स्वागत ।

## एसडीएम सदर ने बांटी चाकलेट और मनाया बच्चो के साथ जन्मदिन

हरदोई । हरदोई जिले की एसडीएम स्वाति शुक्ला ने अपना जन्मदिन कुछ इस अंदाज में मनाया, बच्चों ने रंगोली सजाई , छोटे बच्चे वैष्णवी शुक्ला,पलक दीक्षित, कन्हैया शुक्ला के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। एसडीएम ने बच्चो को चाकलेट बाटी बच्चो के साथ चर्चा की, और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, जिसको लेकर सभी अधिकारियों के चेहरे पर खुशी का आलम था। वहीं अपने जन्मदिन पर सभी की शुभकामनाओं के लिये भी सबका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देश दीपक दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## हिंदी दिवस पर भेंट की गई पुस्तक तीर का लक्ष्य

हरदोई। हिंदी दिवस को लेकर जिले की प्राचीनतम 110 वर्ष पुरानी संस्था श्री सरस्वती सदन पुस्तकालय एवं वाचनालय में आज विश्व शांति दूत प्रेम रावत जी द्वारा किए जा रहे मानवीय प्रयासों की जानकारी दी गई इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। आईआईटी की उपाधि हिंदी में लेने पढ़ने वाले श्याम रुद्र पाठक को हिंदी दिवस पर प्रेम रावत जी के अनुयायी पीके गुप्ता और मनोज जी ने प्रेम रावत जी द्वारा हिंदी में लिखित पुस्तक ष्तीर का लक्ष्यष भेंट की इस हिंदी दिवस के मौके पर श्री सरस्वती सदन के अध्यक्ष अरुणेश बाजपेयी को भी सदन में अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों के साथ इस ष्तीर का लक्ष्यष पुस्तक पुस्तकालय के लिए भेंट की इसके लिए सदन अध्यक्ष श्री बाजपेयी जी ने चतमउतूंज.बवउ टीम को धन्यवाद दिया ,वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पाठक ने भी पुस्तक की सराहना की।

## चेहल्लुम पर होगा दहकती जंजीरो का मातम

जौनपुर । शिराजे हिंद जौनपुर का ऐतिहासिक चेहल्लुम जो हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के द्वारा अपने परिवार एवं मित्रों के साथ दी गई शहादत की याद में सैकड़ों वर्षो से अपनी सभ्य परंपराओं के अनुरूप इमामबाड़ा शेख मोहम्मद इस्लाम मरहूम बाजार हुआ पानदरीबा रोड पर मनाया जाता है । इस वर्ष के अनुसार 16 एवं 17 सितंबर को अपने पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा । कार्यक्रम का आरंभ 16 सितंबर को रात्रि 8 बजे इमाम चौक इस्लाम मरहूम पर ताजिया रखने से होगा तत्पश्चात शब्बेदारी के आयोजन में मजलिस होगी, मजलिस की समाप्ति पर जौनपुर नगर एवं बाहर से आई अंजुमनो का नौहा मातम अनवरत रूप से रात भर चलता रहेगा । प्रातः 5 बजे एक मजलिस होगी जिसके बाद आग में दहकती जंजीरों का मातम अंजुमन गुलशन इस्लाम रजिस्टर्ड करेगी , इस कार्यक्रम का संचालन सैयद अकबर हुसैन जैदी एडवोकेट करेंगे । दूसरे दिन 17 सितंबर को कार्यक्रम का आरंभ 1 बजे दिन में मजलिस से होगा जिसको मौलाना सैयद नदीम जैदी फैजाबादी खिताब करेंगे , मजलिस की समाप्ति पर इमामबाड़े से एक ऐतिहासिक चमत्कारी तुरबत निकाली जाएगी जो ताजिए के साथ एक जुलूस के रूप में पानदरीबा रोड, हमाम दरवाजा, काजी की गली, पुरानी बाजार होता हुआ सदर इमामबाड़ा पर समाप्त होगा , संचालन सैय्यद कबीर हसन जैदी करेंगे । हाजी सैयद असगर हुसैन जैदी मुत्वल्ली इमामबाड़ा इस्लाम मरहूम एवं सैयद लाडले जैदी कार्यकारी मुत्वल्ली ने लोगों से चेहल्लुम में शिरकत की अपील किया है ।

# हैलट अस्पताल में दवाओं का भारी संकट,यूपी मेडिकल कॉरपोरेशन से नहीं हुई सप्लाई

कानपुर। हैलट अस्पताल में दवाओं का भारी संकट पैदा हो गया है। जीवन रक्षक दवाएं तक खत्म हो गईं। उधारी के स्टॉक से हैलट में पिछले तीन महीने से मरीजों को दवाएं बाटी जा रही हैं। अब यह भी खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। हालात यहां तक आ गए हैं कि अगर दस दिन में दवाएं नहीं आईं तो मरीजों को बिना दवाओं के इलाज कराना पड़ेगा। इस कमी को दूर करने के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और हैलट के प्रमुख अधीक्षक की तमाम कोशिशें नाकाम हो गई हैं।

जबसे यूपी मेडिकल कॉरपोरेशन से दवाएं मिलने का नियम बना है, तभी से सप्लाई चेन ध्वस्त हो गई है। हैलट को दवा मद के पांच करोड़ रुपये अब तक आवंटित हो चुके हैं लेकिन मौजूदा वित्तीय वर्ष के 6 महीने खत्म होने को हैं और 1 करोड़ की दवाएं ही मिली हैं। 4 करोड़ की दवाएं कॉरपोरेशन ने हैलट को नहीं दीं और न ही शासन ने मेडिकल कॉलेज और हैलट प्रशासन को दवा के आवंटित 4 करोड़ से दवाएं खरीदने की अनुमति दी है। ऐसे में दवा का पैसा पड़ा है पर मेडिकल कॉलेज खरीद नहीं सकता है। प्राचार्य ने शासन और कॉरपोरेशन से कई बार दवाओं की मांग की पर सुनवाई नहीं हुई और अब मरीजों की जान पर बन आने की स्थिति पैदा हो गई है। अब जीवनरक्षक एड्रेनालाईन, सोडियम बाइकार्बोनेट, एंटीबायोटिक मेरोपेनम के साथ सांप काटने के मरीजों के लिए एंटी वेनम इंजेक्शन खत्म हो गए हैं। दवाएं नहीं आएंगी तो पैरासिटामाल तक खत्म हो जाएगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला का कहना है कि हैलट में दवाओं का संकट पैदा हो गया है। अभी किसी तरह कुछ कंपनियों से दवाएं लेकर काम चलाया जा रहा है। कॉरपोरेशन को भी संकट की जानकारी काफी समय पहले दे दी गई है।

## मातृ भाषा का ज्ञान हर व्यक्ति को अधिक से अधिक होना चाहिए: उच्च शिक्षामंत्री

हरदोई ।राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर स्थानीय सी0एस0एन0 (पीजी) कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ उच्च शिक्षा मंत्री, उ0प्र0 श्रीमती रजनी तिवारी ने मॉ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री जी ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृ भाषा है और भारत के हर व्यक्ति को हिन्दी का अधिक से अधिक ज्ञान होना चाहिए। उन्होने कहा कि भविष्य में आगे बढ़ने कि लिए हिन्दी के अलावा अंग्रेजी, विज्ञान आदि क्षेत्रीय भाषाओं पर छात्र– छात्राओं को ध्यान देना चाहिए। उन्होने कहा कि आज हिन्दी भाषा को देश के अलावा विदेशी लोग भी अपना रहे है, क्योकि हिन्दी भाषा में प्यार एवं अपनत्व होता है। कार्यक्रम में कालेज प्रधानाचार्य प्रोव कौशलेन्द्र कुमार सिंह ने मां मंत्री जी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त करते हुए हिन्दी भाषा के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रो0 संदीप सिन्हा, प्रो0 साधना शुक्ला तथा प्रो0 पुष्पा रानी गंगवार सहित कालेज के सभी प्रचार्य, छात्र–छात्राए आदि उपस्थित रहे।

# इंसानियत की हिफाजत सिखाता इस्लाम: गुलाम रसूल

जौनपुर । यहां का मशहूर सौ साल पुराना अशरे–ए–अरबइन की मजलिस मुफ्ती हाउस मुफ्ती मोहल्ला में शुरू हो गई है जो कि 16 सितम्बर तक चलेगी, हुई मजलिस को कश्मीर से आये धर्मगुरु मौलाना गुलाम रसूल नूरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो जान लेना नहीं बल्कि इंसानियत की हिफाजत करना सिखाता है, आगे कहा कि अगर रिसालत को समझना है तो विलायते अली को समझना पड़ेगा उन्होंने लोगों को दिल से बुगज और हसद मिटाने की सलाह दी और रसूले खुदा के बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए कहा, उन्होंने कहा तालीम शिक्षा का जिन्दगी में बड़ा महत्व है। इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। अपने बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ ही दीनी तालीम भी दिलवाएं। आगे मौलाना गुलाम रसूल ने जब खानदाने रसूल पर ढाए गए जुल्म का जिक्र किया तो अकीदत मंदो की आंखें नम हो गई मौलाना ने बताया कि किस तरह इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में सब्र के साथ भरा घर लुटा दिया ताकि उनके नाना पैगम्बर मोहम्मद साहब द्वारा बसाया इस्लाम जिंदा रह सके। इन कुर्बानियों में कही छ महीने का बच्चा अली असगर है तो कहीं 14 बरस के कासिम, कहीं कड़ियाल जवान अली अकबर है तो कहीं लश्कर का अलमदार अब्बास ए बावफा इन मासाहेब को सुनकर मोमनीन सिसकियाँ मार कर रोने लगे। संचालन ताबिश काजमी ने किया ।

# मेडिकल कॉलेज में बायोमेट्रिक वेस्ट चालू कर: प्रमुख सचिव

जौनपुर । प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग उ०प्र० शासन आलोक कुमार द्वारा उमानाथ सिंह स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव के द्वारा निर्माण कार्यदायी संस्थाओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निणर्य लिया गया कि छोटी–छोटी समस्याओं के कारण निर्माण कार्य में रुकावट नही आने दिया जायेगा। प्रमुख सचिव के द्वारा एकेडिमिक ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, अस्पताल भवन व छात्रावास का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि कम से कम 150 बेड का अस्पताल चलाये जाने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली जाये। द्वितीय वर्ष के छात्राओं के लिए छात्रावास एवं टाइप फोर के आवास के सम्बन्ध में आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाये। प्रमुख सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि मेडिकल कॉलेज में बायोमेट्रिक वेस्ट को चालू करे, फारसिलिंग और अपूर्ण लैब का कार्य जल्द से जल्द तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि चौथे तल में भी एक लैब तैयार किया जाए। द्वितीय वर्ष की कक्षाओं के से सम्बन्धित समस्त प्रकार की व्यवस्थाएं को नवम्बर तक हर हाल में पूर्ण कर ले अन्यथा की दशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि एमआरआई, सीटी० स्कैन, टैस्टिंग उपकरण सहित सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि द्वितीय वर्ष की काउसिंलिग के पूर्व कक्षाओं व लैब व अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारी पूर्ण कर ले। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रशासनिक ब्लॉक, हॉस्पिटल ब्लॉक का प्रथम तल, हॉस्टल पूर्ण कर लिया जाए और रेजीडेन्सियल एरिया पहुँच मार्ग तक रोड का निर्माण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ंएमएलसी के प्रयास से पलिया डीह को पर्यटन स्थल की मिली स्वीकृत,शीघ्र शुरू होगा कार्य

हरदोई ।सदस्य विधानपरिषद अशोक अग्रवाल के अथक प्रयास से कछौना में स्थित पलिया डीह ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल शासन से पर्यटन विभाग से स्वीकृत हो गया है। जिससे पलिया डीह को जाने के लिए संपर्क मार्ग व सौंदयीकरण कार्य कराया जाएगा। जिससे ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान मिलेगी। विकासखंड कछौना की ग्राम सभा कछौना देहात में पलिया डीह स्थान स्थित है। जिसका इतिहास लगभग 100 वर्ष पुराना है। देवी जी का स्थान है। इस स्थान के अंतर्गत 100 बीघा भूमि ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम के प्रस्ताव पर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पर्यटन की दृष्टि से विकसित कराए जाने की मांग की थी। जिस पर शासन से प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है। पर्यटन विभाग से धनराशि स्वीकृत हो गई है। स्थान पर जाने के लिए दोनों तरफ की सड़कों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सौंदर्यीकरण के सभागार सामुदायिक शौचालय, विद्युतीकरण, हाई मास्ट लाइट, वृक्षारोपण आदि कार्य कराया जाएगा। पर्यटन की दृष्टि से नई पहचान मिलेगी। पर्यटन विभाग की टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर आख्या शासन को भेज दी। शीघ्र कार्य चालू हो जाएगा। सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल के इस कदम की सभी क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे हैं।

## सात स्थानों पर 17 सतिम्बर को रक्तदान षिविर

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर को सात प्रमुख स्थानों पर रक्तदान षिविर लगाया जायेगा। उक्त षिविरों में एक हजार यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया है कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय, आईएमए चौरटेबुल ब्लड बैक, ईसा हास्पिटल तथा चार अन्य अस्पतालों पर रक्तदान षिविर लगाया जायेगा। उन्होने जनपद के सभी स्वसेवी संस्थाओं सहित आम लोगों से अपील किया किया कि षिविर को सफल बनाते हुए एक हजार यूनिट का रक्त दान करने में सहयोगा करें।

# 34 प्रतिशत बना है आयुष्मान कार्ड: सीडीओ

जौनपुर । मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के द्वारा आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 15 से 30 सितम्बर 2022 तक चलने वाले आयुष्मान पखवाड़ा के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता की गयी। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 32 प्रतिशत ऐसे परिवार शेष बचे हुये हैं जिनके परिवार में एक भी आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तथा जनपद में कुल लाभार्थियों का केवल 34 प्रतिशत ही आयुष्मान कार्ड बना है। शासन के निर्देशनुसार 15 से 30 सितम्बर 2022 तक विशेष अभियान चलवाकर ऐसे परिवार जिनमें एक भी कार्ड नहीं बने हैं तथा ऐसे लाभार्थियों के भी कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवायें जायेगें जिनके परिवार में एक कार्ड बन चुका हैं। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया है कि जनपद में सभी पंचायत भवन व कोटेदार की दुकान कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। आयुष्मान कार्ड ग्राम पंचायत सहायक आयुष्मान मित्र, ब्लाक स्तरीय आपरेटर व कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई, निजी चिकित्सालय के आयुष्मान मित्र के माध्यम से निःशुल्क कार्ड बनाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जिन परिवारों में एक कार्ड बन गया हैं उन परिवारों के सभी लाभार्थियों का कार्ड आशा के माध्यम से थ्बम ।नजीमदजपबंजपवद ।चच के माध्यम से भी बनवाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में कुल लाभार्थी परिवार की संख्या 313283 है तथा कुल लाभार्थी की संख्या 1411403 है। जनपद में अब तक कुल 471115 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। जनपद में अब तक योजना से कुल 19424 लाभार्थियों को ईलाज हो चुका हैं, ईलाज पर कुल 22.09 करोड़ रुपये खर्च हुये हैं। जनपद में कुल 47 चिकित्सालय पंजीकृत हैं जिनमें 23 निजी चिकित्सालय तथा 24 सरकारी चिकित्सालय हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ० राजीव यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, डॉ० बद्री विशाल पांडेय, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत, हिमांशु शेखर सिंह, जिला सूचना प्रणाली प्रबन्धक–आयुष्मान भारत, अवनीश कुमार श्रीवास्तव, जिला शिकायत प्रबन्धक उपस्थित रहें।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग से खत्म हो रही है बाजार की रौनक–कौशल शर्मा

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। स्थानीय मुख्यालय स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच आना ऑनलाइन ट्रेडिंग का विरोध करते हुए अपर जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी से जहां एक और छोटे व्यापारियों के समक्ष रोजी–रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है, वहीं दूसरी ओर बाजारों की रौनक भी खत्म हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आज अमीर और अमीर होता जा रहा है गरीब और गरीब। ऐसी दशा में समाज में असंतुलन और बेरोजगारी बढ़ेगी इतना ही नहीं युवा पीढ़ी के अपराध की तरफ उन्मुख होने की संभावना भी बलवती होती नजर आ रही है।



शर्मा की माने तो ऑनलाइन ट्रेडिंग पर जीएसटी के अतिरिक्त 20: विकास कर लागू किया जाए। आगे कहां एफ डी आई यानी किसी देश के एक फर्म या व्यक्ति द्वारा दूसरे देश में स्थित व्यवसायिक गतिविधियों में किया गया निवेश है, जो बाहरी देश में प्रत्यक्ष व्यवसायिक खरीद की सुविधा प्रदान करता है जिस पर अंकुश लगाने की पेशकश की है। इतना ही नहीं उन्होंने कहां है कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के व्यापार का पंजीकरण बंद कर देना चाहिए जिससे व्यापार को नष्ट होने से बचाया जा सके। इस मौके पर विमल अग्रवाल, मिठाई लाल सोनी, रामेश्वर जैन, प्रितपाल सिंह, रवि जायसवाल, शरद जायसवाल, चंदन केसरी, शुभम चंदेल, विनोद कुमार जायसवाल, चंद्र प्रकाश जायसवाल, गणेश सोनी, सुनील सोनी, प्रशांत जैन, टीपू अली, शिवम केसरी, अमित केसरी, सुनील कुमार, कृष्णा सोनी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# लखीमपुर में दलितो के दोषियों पर हो सखद्त कार्यवाही-सैय्यद मो. असलम

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखीमपुर। गुरूवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान भारत बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन के प्रदेश प्रवक्ता सैय्यद मो.असलम ने कहा कि लखीमपुर खीरी में दलित समाज की दो सगी बहनों के साथ रेप करके पेड़ पर लटका कर फांसी देना घोर निंदनीय है इस अपराधिक कृत्य ने देश और संविधान को झंझोड़ कर रख दिया है यह घटना दिल को दहला देने वाली घटना है बीजेपी सरकार ने आज तक जितने भी वादे किए आज तक कोई भी वादा पूरा न कर पाए बीजेपी का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा कही से कही तक भी पूरा होता दिखाई नही दे रहा है बीजेपी सरकार मे दलित ,पिछड़ा ,मुस्लिम हर वर्ग का इंसान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है जब मेरे इस देश मे और खास तौर से बीजेपी सरकार मे जो बेटियो की सुरक्षा के बड़े बड़े दावे कर रही थीं वो विफल नजर आ रही है कोई भी मेरे भारत वर्ष में आज सुरक्षित नहीं है प्रशासन की लापरवाही लगातार भारत देश को असुरक्षित महसूस करा रहा है बीजेपी सरकार मे लगातार गुंडा गर्दी बढ़ती जा रही हैं दिन ब दिन अत्याचार बढ़ता जा रहा है लोग घरों में चुप बैठे हुए हैं क्योंकि कोई भी अगर सरकार के खिलाफ कुछ बोलता है तो वह सलाखों के पीछे कैद कर दिया जाता है भारत बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन जनता से अपील करता है कि अगर मेरे देश में कोई भी सुरक्षित नहीं तो सत्ता कैसी भारत बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन भारत सरकार से मांग करता है कि जिसने भी दलित समाज की बेटियो के साथ ये जघन्य अपराध किया है वो चाहे किसी भी धर्म जाति से हो उसको भी ऐसे ही खुले में पेड़ से लटका कर फांसी दी जाए ताकि आने वाले समय मे कोई भी व्यक्ति ऐसा अपराध करने से पहले सो बार सोचे।



## युवक ने सास, ससुर पर पत्नी के अपहरण का आरोलगाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

प्रतापगढ़। पति–पत्नी का विवाद इतना बढा कि पत्नी को भगाने का आरोप युवक ने ससुराली जनों पर ही लगाया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव निवासी सूरज सोनी पुत्र लाल बहादुर का विवाह 2016 में प्रतापगढ़ सिटी के सोनार मोहल्ला निवासी अंजली सोनी पुत्री ईश्वर सोनी के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति–पत्नी में अक्सर विवाद चला आ रहा है।जिसके चलते हमेशा अनबन बनी रहती है। सूरज सोनी ने थाने में तहरीर देकर के आरोप लगाया है किअगस्त 2022 में पुराने विवाद के कारण जब वह पत्नी को विदा कराने के लिए ससुराल गया तो उसे कमरे में बंद करके जमकर पिटाई की। यह भी आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी 20000 और आभूषण लेकर मायके चली गई थी। बुलाने पर वह आने को तैयार नहीं थी। कई बार प्रयास करने के बाद सूरज सोनी पट्टी कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर के गुहार लगाया है कि उनके ससुर व सास तथा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध पत्नी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया। एसओ का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर कुंवर अभय प्रताप सिंह ने किया बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी की बैठक नगर स्थित राजा पशुपति मैरिज हाल में किया गया बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी तथा विशिष्ट अतिथि कुंवर अभय प्रताप सिंह रहे बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह पखवारा कार्यक्रम के बारे में तथा स्थानीय निकाय चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार किया गया बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अध्यक्ष जगजीवन गौंड तथा संचालन राकेश कुमार अग्रहरी ने किया बैठक में जिला उपाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रहरि, अजय श्रीवास्तव, संतोष अग्रहरी, मंगल चौरसिया, निखिल सिंह, रामशरण मौर्य, हरगोविंद साहू, सुरेश, अर्जुन निषाद, अजय शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार, बलराम कुलश्रेष्ठ, जीवन अग्रहरी सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## गांधी जयंती समारोह को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष ने बताया कि गांधी जयंती समारोह 2 अक्टूबर को परंपरागत हर्षोल्लास पूर्वक मनाए जाने के संबंध में विभिन्न बिंदुओंध्व्यवस्थाओं पर चर्चा हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 17 सितंबर 2022 को अपराहन 4.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है सभी संबंधित अधिकारी बैठक में ससमय प्रतिभाग करेंगे।

# जनपद के चार विकासखण्ड में लगेगा रोजगार मेला

## युवाओं को रोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ0 महेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा 08 जनपदों के 22 आकाक्षात्मक विकास खण्डों के सामाजिक एवं आर्थिक सुधार के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वयन कराने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है, जिसके अनुपालन में जिला सेवायोजन कार्यालय बलरामपुर, कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा, बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में जनपद बलरामपुर के 04 विकास खण्डों में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद बलरामपुर के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए विकास खण्ड कार्यालय, गैसड़ी में दिनांक 20 सितम्बर एवं 08 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 11:00 बजे, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा में दिनांक 21 सितम्बर, 21 अक्टूबर, 21 नवम्बर व 21 दिसम्बर, 2022 तथा 24 जनवरी व 21 फरवरी, 2023 तथा विकास खण्ड कार्यालय, तुलसीपुर में दिनांक 14 अक्टूबर, 2022 तथा 05 जनवरी, 2023, जबकि विकास खण्ड कार्यालय हर्रैया–सतघरवा में दिनांक 16 नवम्बर, 2022 तथा 09 फरवरी, 2023 को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। सभी तिथियों में मेले का आयोजन प्रातः 11:00 बजे से किया जायेगा।

# 50 लाख से ज्यादा लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

## .बिना अनुमति के कार्यदाई संस्थाओं द्वारा सड़क आदि की खुदाई/क्षति करने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई:जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में रुपए 50 लाख से ज्यादा की लागत की 76 निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समझते कार्यदाई संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्घ ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन परियोजना में मिले धनराशि का शतप्रतिशत व्यय करते हुए उपभोग प्रमाण पत्र शासन में भेजे जाने का निर्देश दिया। बैठक से नदारद प्रोजेक्ट मैनेजर यूपी राजकीय निर्माण निगम, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण का स्पष्टीकरण तलब किए जाने का निर्देश दिया। कार्यदाई संस्था जल निगम द्वारा सीवर लाइन का कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य में विलंब पर नाराजगी जताई गयी, उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को चेतावनी देते हुए कहा कि 1 हफ्ते में सभी क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत का कार्य पूर्ण करें, वरना ठेकेदार, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने की विभिन्न धाराओं में एफआईआर कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यदाई संस्था बिना अनुमति के सड़क आदि को क्षति नहीं पहुंचाएगी। कार्यदाई संस्थाओं को सड़क आदि की खुदाई आदि के लिए अनुमति देने के लिए केंद्रीय व्यवस्था लागू की जाएगी। कम प्रगति पर अभियंता सीएनडीएस, अधिशासी अभियंता पैक्सफेड को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया गया। जल निगम द्वारा पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण हो चुकी पेयजल परियोजनाओं में कितने घरों को पेयजल कनेक्शन किया गया इसकी जांच सचिव एवं प्रधान से कराए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी कार्यदाई संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्तापूर्ण मटेरियल का प्रयोग किया जाए। यदि उनके निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो ठेकेदार सहित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के भी विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुशील कुमार, डीइएसटीओ मोहम्मद नासेह, अपर डीइएसटीओ रंजीत कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीध कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव मे हो रही लापरवाही जिलाधिकारी से किया शिकायत



दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर। स्थानीय पुरानी बाजार निवासी रक्षा राम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि प्रसव के दौरान लापरवाही करते हुए मेरे बेटे की जान ले ली उसके उपरांत रात में ही जबरन अस्पताल से बाहर भगा दिया और धमकी दी कि किसी से इस बात को नहीं कहना कोई पूछेगा तो बता देना कि बच्चा जीवित है अन्यथा 14 सो रुपए नहीं मिलेंगे शिकायती पत्र में उन्होंने कहा शुक्रवार की रात करीब 8.00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी के साथ पहुंचे थे जहां एडमिट कर लिया गया और टीका बताकर रात में सुई लगाई गई जिससे रात 1.00 बजे तेज दर्द प्रारंभ हो गया और दो महिलाओं द्वारा जबरन बच्चा खींचने की वजह से उसकी मौत हो गई इसकी शिकायत करने पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र से रात में ही हमें भगा दिया गया जिससे मेरी पत्नी की हाल ही काफी गंभीर हो गया और उसे लेकर हम लोग प्राइवेट क्लीनिक पर इलाज कराने पहुंच गए। इसी वजह से शिकायत में भी काफी समय हो गया आज मेरी पत्नी और पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# स्नैक्स टाइम के लिए बेहतरीन हैं ये पांच तरह की चॉकलेट ड्रिंक्स, जानिए इनकी रेसिपी

चॉकलेट का नाम सुनते ही मुंह में पानी आना लाजमी है, क्योंकि इसका स्वाद ही इतना बेमिसाल होता है कि बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई इसका शौकिन होता है। अगर आपका परिवार भी चॉकलेट का बहुत बड़ा फैन है तो आप उनके लिए स्नैक्स टाइम के दौरान घर पर कुछ ही मिनटों में तरह–तरह की चॉकलेट ड्रिंक्स तैयार कर सकते हैं। आइए आज पांच तरह की चॉकलेट ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में जानते हैं।

चॉकलेट शेकः इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक चौड़े नॉन–स्टिक पैन में थोड़ा दूध उबाल लें और फिर इसमें कदूकस की हुई डार्क चॉकलेट डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुछ देर के लिए ठंडा होने के लिए रख दें। इसके बाद पिसी चीनी के साथ दूध वाला मिश्रण मिक्सर में डालकर अच्छे से फेंटे। अंत में इसे एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें और इसे परोसने से पहले इस पर डार्क चॉकलेट शेविंग्स गार्निश करें।

चॉकलेट सोडाः अगर आप स्वादिष्ट चॉकलेटी स्वाद के साथ एक फिजी ड्रिंक चाहते हैं तो एक बार चॉकलेट सोडा जरूर ट्राई करें। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक ब्लेंडर में ठंडा सोडा, कोको पाउडर, वनिला आइसक्रीम, ठंडा दूध और चीनी डालें और सभी चीजों को अच्छी तरह से पीस लें। अब तैयार चॉकलेट सोडा को लंबे गिलासों में कुछ बर्फ के टुकड़ों के साथ डालें और अपनों के लिए बेहतरीन ड्रिंग्स सर्व करें।।



मैक्सिकन हॉट चॉकलेट

सबसे पहले एक कटोरे में कोको पाउडर, थोड़ा नमक और थोड़ा दालचीनी पाउडर मिलाएं और इसे एक तरफ रख दें। अब एक पैन में दूध को चार–पांच मिनट तक गर्म करें और फिर इसमें कोको पाउडर का मिश्रण डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद लगभग दो–तीन मिनट तक इसे उबालें। इसके बाद इसमें वनिला एसेंस डालकर अच्छी तरह मिलाएं और फिर इस मैक्सिकन हॉट चॉकलेट को कप में डालकर गरमागरम परोसें।

चॉकलेट लस्सी

चॉकलेट लस्सी बनाने के लिए सबसे पहले चीनी को मिक्सर में बारीक पीस लें और फिर इसमें दही, कोको पाउडर और पानी डालकर अच्छी तरह से ब्लेंड करें। अब लंबे गिलासों में चॉकलेट लस्सी डालें और इस पर कोको पाउडर और चॉकलेट शेविंग्स गर्निश करने के बाद परोसें। आप चाहें तो इसमें बर्फ के टुकड़े भी डाल सकते हैं। वहीं, इसे शुगर–फ्री ड्रिंक बनाने के लिए चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल कर सकते हैं।

चॉकलेट कॉफी

सबसे पहले एक बाउल में डार्क चॉकलेट के छोटे–छोटे टुकड़े डालें और फिर इसमें थोड़ा दूध, कॉफी पाउडर और चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक मिनट के लिए माइक्रोवेव करने के बाद अच्छी तरह से ब्लेंड करें। अब इसमें दूध के साथ बर्फ के टुकड़े डालें और फिर से इसे ब्लेंड करें। अंत में तैयार ठंडी–ठंडी कॉफी को गिलास में डालें और इस पर व्हीप्ड क्रीम और चॉकलेट चिप्स गार्निश करके परोसें।

## तमन्ना भाटिया ने हैंडक्राफ्टेड बॉडीकॉन ड्रेस में इंटरनेट पर लगाई आग

टॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को आज के समय में कौन नहीं जानता है, वह हमेशा ही किसी न किसी बात



के चलते चर्चाओं में बनी रहती है, वहीं तमन्ना भाटिया हमेशा ही अपने स्टाइलिस्ट फैशन से अपने फैंस का दिल जीत लेती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ था। इंटरनेट पर आग लगाने के लिए इस बार तमन्ना भाटिया ने हैंडक्राफ्टेड बॉडीकॉन ड्रेस पहन रखी है। इस ड्रेस में तमन्ना भाटिया का बहुत ही स्टाइलिस्ट अवतार निखर कर आया, जो उनके फैंस के दिलों में बस चुका है। तमन्ना ने इस ब्लू ड्रेस में अपने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज साझा की है। खबरों का कहना है कि ये ड्रेस तमन्ना ने अपनी आगामी मूवीज प्लान ए प्लान बी के ट्रेलर लॉन्च के समय पहन रखी थी। इस ड्रेस को देखकर कई लड़कियों का इस पर दिल आ चुका है। ये ड्रेस थोड़ी हटकर इसलिए लड़कियों को पसंद भी आ रही है। यदि आपको भी ये ड्रेस पसंद है और आप इसे अपने कलेक्शन में शामिल करना चाहते है तो आप भी इस बारें में जान लें कि, ये ड्रेस ह्यूमन ब्रैंड की है। इसे खरीदने के लिए आपको 47,500 रुपये खर्च करने पड़ सकते है।






## ब्लड प्रेशर से लेकर गैस की समस्या तक के लिए बेहतरीन है इलायची

इलाइची सभी को पसंद होती है। इसकी खूशबू, टेस्ट और फ्लेवर सभी को अच्छा लगता है। जी हाँ और इलायची ना सिर्फ स्वाद दोगुना करती है, बल्कि सेहत को भी कई तरह से फायदा पहुंचाती है। वैसे तो आप सभी जानते ही होंगे इलायची पोषक तत्वों का खजघना है, जिससे कई बीमारियों का उपचार किया जाता है, हालाँकि आज हम आपको इसके चौकाने वाले फायदे बताने जा रहे हैं। इलायची ना सिर्फ मुंह की बदबू दूर करती है बल्कि सर्दी–खांसी, पाचन से जुड़ी समस्याएं, उल्टी, मूत्र से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान करती है।

जी दरअसल इलायची में मैग्नीशियम और पोटैशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जिससे शरीर का ब्लड सर्कुलेशन हमेशा सामान्य बना रहता है। इसी वजह से इलाइची का इस्तेमाल कई बीमारियों में किया जाता है। इलाइची का सेवन ब्लड प्रेशर और अस्थमा के जोखिम को भी कम करता है। इसी के साथ जिन लोगों को ज्यादा प्यास लगती है, उन्हें आयुर्वेद में इलाइची के सेवन की सलाह दी जाती है। इसके अलावा पेट और गैस की समस्या को भी इलायची दूर करती है। जी दरअसल यह कफ, वित्त और वात दोष को सही करती है। यह पाचन तंत्र को तो मजबूत करती ही है, पेट फूलने की समस्या और गैस की समस्या भी दूर करती है।

इसके अलावा इलाइची में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जिसके कारण यह ब्लड प्रेशर और अस्थमा को ठीक करती है। इसके अलावा अपच, पेशाब में जलन और कई अन्य तरह की बीमारियों को भी ठीक करती है। वैसे आप चाहे तो इलाइची के दाने को हमेशा मुंह में रख सकते हैं।

## महत्वपूर्ण है कहानी विश्वसनीय और संवेदनशील तरीके से कही गई हो: दिलजीत दोसांझ

अभिनेता दिलजीत दोसांझ, जो अपनी आगामी फिल्म जोगी की रिलीज के लिए तैयार हैं, ने फिल्म के लिए अली अब्बास जफर और हिमांशु मेहरा के साथ काम करने के बारे में बात की है। उनका कहना है कि यह महत्वपूर्ण है कि एक कहानी को विश्वसनीय लेकिन संवेदनशील तरीके से कहा जाए। जोगी 1984 में भारत की राजधानी दिल्ली से है, यह तीन दोस्तों की कहानी है जो अपने शहर में सैकड़ों को बचाने के लिए एकजुट होते हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ, कुमुद मिश्रा, मो. जीशान अय्यूब, हितेन तेजवानी और अमायरा दस्तूरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में, दिलजीत नायक जोगी है जो सभी बाधाओं से लडने के लिए भाईचारे, एकता और साहस की वकालत करता है और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए अतिरिक्त मील जाता है। अली और हिमांशु के साथ काम करने के अपने अनुभव पर चर्चा करते हुए, दिलजीत ने कहा, इस परियोजना पर अली भा जी और हिमांशु भा जी के साथ काम करना बहुत सहयोगी था। एक टीम के रूप में वे हमेशा तालमेल में रहते हैं और एक कलाकार के लिए यह राहत की बात होती है जब बनाने की प्रक्रिया सुखद होती है। यह महत्वपूर्ण है कि एक कहानी एक विश्वसनीय लेकिन संवेदनशील तरीके से कही गई है और मुझे खुशी है कि अली भा जी और हिमांशु भा जी इसे समझते हैं। मैं चाहता हूं कि दर्शकों को हमारा काम पसंद आए। जोगी अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित और हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित है। फिल्म का निर्देशन दिलजीत दोसांझ, कुमुद मिश्रा, मो. जीशान अय्यूब, हितेन तेजवानी और अमायरा दस्तूर। जोगी का प्रीमियर विशेष रूप से नेटफ्लिक्स पर 16 सितंबर को होगा।



